सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार और सीईजीआईएस फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ़ इन्डियन स्टेट्स के बीच समझौता ज्ञापन

यह समझौता ज्ञापन (जिसे इसके बाद "एमओयू" कहा जाएगा) जून, 2025 की 2 तारीख से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, के एल भवन, जनपथ रोड़, नई दिल्ली 110001 में प्रभावी होगा।

इस समझौता ज्ञापन पर **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय,** प्रथम पक्ष, अपने प्रतिनिधि/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, उपमहानिदेशक, राज्य इकाई, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से, जिसका कार्यालय के.एल. भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में स्थित है (जिसे आगे "सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय या " **मॉस्पी** " कहा जाएगा, जिसके शब्द या अभिव्यक्ति, जब तक कि विषय या संदर्भ द्वारा अपवर्जित या प्रतिकूल न हों, इसका अर्थ और इसमें उत्तराधिकारी, प्रशासक या अनुमत समनुदेशिती शामिल हैं);

और

सीईजीआईएस फाउंडेशन, द्वितीय पक्ष, अपने प्रतिनिधि/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, **डॉ. विजय मारूति पिंगले, मुख्य कार्यकारी अधिकारी**, सीईजीआईएस फाउंडेशन, 20, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज 3 रोड ओखला फेज III, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट दिल्ली 110020, भारत (जिसे आगे **"सीईजीआईएस"** कहा जाएगा) के माध्यम से, जिसमें अभिव्यक्ति, जब तक कि संदर्भ के प्रतिकूल न हो, उत्तराधिकारी, प्रशासक और अनुमत समनुदेशिती शामिल होंगे, हस्ताक्षर करेंगे ।

मॉस्पी और सीईजीआईएस फाउंडेशन को व्यक्तिगत रूप से "पक्ष" और सामूहिक रूप से "पक्षों" के रूप में संदर्भित किया जाता है। दोनों पक्ष निम्नलिखित आशय पर पहुँचे हैं।

पृष्ठभूमि एवं प्रयोजन

भारत सरकार ने नीति निर्माताओं के साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने के लिए देश भर में विश्वसनीय आंकड़ों की पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एक दृष्टिकोण निर्धारित किया है। मॉस्पी इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करता है, जिसका व्यापक लक्ष्य विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाले डेटा प्रदान करके साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को सुविधाजनक बनाना है।

इस संबंध में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की प्रमुख पहलों में से एक सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता योजना (एसएसएस) है। एसएसएस योजना का उद्देश्य डेटा प्रणालियों में अंतराल को दूर करके और महत्वपूर्ण सांख्यिकीय कार्यकलापों का समर्थन करके राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में सांख्यिकीय क्षमता का निर्माण करना है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत के सभी सदस्य राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में इस एसएसएस योजना के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना चाहता है।

सीईजीआईएस फाउंडेशन का लक्ष्य भारतीय राज्य सरकारों के कामकाज में परिवर्तनकारी सुधार लाना है। अत्याधुनिक अनुसंधान और साक्ष्य के साथ-साथ कार्यान्वयन योग्य विचारों के प्रति व्यावहारिक अभिविन्यास से प्रेरित होकर, सीईजीआईएस भारतीय राज्यों को शासन और व्यय सुधारों हेतु विश्लेषणात्मक रोडमैप के साथ-साथ इस दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए कार्यनीतिक कार्यान्वयन सहायता भी प्रदान करता है। सीईजीआईएस फाउंडेशन राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करता है, ताकि राज्य के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण राज्य कार्यालय बनाया जा सके।

वर्तमान में, सीईजीआईएस ने कर्नाटक सरकार, असम सरकार, तमिलनाडु सरकार, तेलंगाना सरकार और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत सरकार के स्तर पर, सीईजीआईएस ने क्षमता निर्माण आयोग, कर्मयोगी भारत और भारत बौद्धिक संपदा कार्यालय के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

सीईजीआईएस अपने उद्देश्यों में तीन मूल सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है जो सभी सफल संगठनों का आधार हैं। इनमें शामिल हैं: क) लक्ष्य निर्धारण के लिए परिणामों को मापना और इन लक्ष्यों की दिशा में प्रगति की निगरानी करना, ख) कार्मिक नीति का कार्यनीतिक निर्माण (जिसमें भर्ती, तैनाती, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण आदि शामिल हैं) और सरकारी कर्मचारियों का प्रदर्शन मापन और प्रबंधन, तथा ग) कार्यनीतिक बजट बनाना, जहां राजस्व संग्रह और संसाधन आवंटन साक्ष्य और लागत प्रभावशीलता पर आधारित हो - ताकि उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

सीईजीआईएस के कार्य और मॉस्पी की एसएसएस योजना के बीच उद्देश्यों की पूरक प्रकृति को देखते हुए, पक्षों के बीच चर्चा के आधार पर सीईजीआईएस और मॉस्पी के बीच सहभागिता शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह अनुबंध सीईजीआईएस को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा एसएसएस योजना से संबंधित निदेशालयों के साथ 2 वर्ष के लिए कार्य करने तथा योजना से संबंधित नीतियों और कार्यान्वयन पर तकनीकी और विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करने के लिए होगा। कार्य का दायरा नीचे सूचीबद्ध है।

कार्य का दायरा, भूमिकाएं और उत्तरदायित्व

क. इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, नीचे कार्य का व्यापक दायरा दिया गया है, जिसमें निम्नलिखित मुख्य कार्यकलापों और प्रदेय (डिलीवरेबल्स) शामिल हैं, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, जिन्हें सीईजीआईएस, मॉस्पी के सहयोग से तैयार करेगा:

1. **एसएसएस योजना के कार्यान्वयन को बेहतर बनाने में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को सहायता**

1.1. सीईजीआईएस एक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) का गठन करेगा, जो राज्यों में एसएसएस योजना के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए संस्तुतियाँ प्रस्तुत करके सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को सहायता प्रदान करेगा। यह पीएमयू कार्यान्वयन के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और राज्यों के बीच एक सेतु का काम करेगा। प्राथमिक फोकस एसएसएस योजना के प्रशासन और परिचालन को सुदृढ़ करने पर होगा।

1.2. एसएसएस कार्यान्वयन पर समग्र समर्थन (बिंदु 1.1 में उल्लिखित) के अलावा, सीईजीआईएस एसएसएस संशोधित परिचालन दिशानिर्देश (2024) में उल्लिखित प्रमुख घटकों के साथ संरेखण में मॉस्पी का भी समर्थन करेगा। सीईजीआईएस एसएसएस योजना के निम्नलिखित प्रमुख घटकों में लक्षित समर्थन प्रदान करके योगदान देगा:

1.2.1. **घटक 3**- राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशिष्ट अतिरिक्तताओं सहित मौजूदा और अपेक्षित/उभरते डेटा अंतराल को भरने के लिए तकनीकी समूहों/निकायों की संस्तुतियों का कार्यान्वयन।

1.2.2. **घटक 4** - मानव संसाधन विकास से जुड़े मुद्दे, जिनमें क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों को सहायता प्रदान करने सहित क्षमता विकास और कौशल संवर्धन/उन्नयन के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

1.2.3. **घटक 8** - डेटा गुणवत्ता और दक्षता में सुधार के उपाय -

8.1. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), वार्षिक सेवा क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण (एएसएसएसई), वार्षिक अनिगमित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण (एएसयूएसई), समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) सहित एनएसएस के दौर में भागीदारी;

8.2 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए निगरानी रूपरेखा को सुदृढ़ बनाना।

1.3. घटक 3 के अंतर्गत समर्थन की रूपरेखा (ऊपर बिंदु 1.2.1 देखें)

1.3.1. एसएसएस योजना के राज्य-स्तरीय कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित सबसे प्रासंगिक विशेषज्ञ पैनल की संस्तुतियों की पहचान करने हेतु सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के साथ मिलकर काम करना।

1.3.2. राज्यों में कार्यान्वयन के लिए मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण रूपरेखा से सामंजस्य स्थापित करने के लिए इन पहचानी गई विशेषज्ञ संस्तुतियों का उपयोग करें। इसमें हितधारकों के परामर्श और विशेषज्ञ इनपुट के माध्यम से पहचान की गई सर्वोत्तम पद्धतियों और तकनीकी मानकों का समावेशन करना शामिल होगा।

1.3.3. उन्नत ढांचे में सक्रिय रूप से शामिल राज्यों के कार्यान्वयन अनुभवों और सर्वोत्तम पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत केस अध्ययन का दस्तावेजीकरण और तैयारी करना।

1.4. घटक 8 के अंतर्गत समर्थन की रूपरेखा (ऊपर बिंदु 1.2.3 देखें)

1.4.1 राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप मानकों के साथ सटीकता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पहचाने गए निर्दिष्ट डेटासेट पर गुणवत्ता नियंत्रण जांच करने में मॉस्पी का समर्थन करना।

1.5. सीईजीआईएस शुरुआत करने के लिए चार कार्मिकों की सहायता प्रदान करेगा, जिन पर बाद में पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि उपरोक्त लक्ष्य के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में संपर्क बिंदु की भूमिका निभाई जा सके। ये संसाधन इस समझौता ज्ञापन से संबंधित राज्य-स्तरीय प्रगति पर नियमित अपडेट प्रदान करेंगे। सहायता की पूरी लागत सीईजीआईएस द्वारा वहन की जाएगी।

1.6 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में ये नामित कार्मिक एसएसएस कार्यान्वयन में लगे राज्यों को दूरस्थ सहायता प्रदान करेंगे। वे प्रभावी संचार और समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और राज्य स्तरीय टीमों के बीच प्राथमिक संपर्क के रूप में कार्य करेंगे।

1.7. सीईजीआईएस मासिक प्रगति के बारे में सूचना देगा तथा लगातार अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने और नीति संबंधी चर्चा को सुविधाजनक बनाने के लिए सीईजीआईएस और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की बैठकें आयोजित करेगा।

2. एसएसएस के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय सहायता

2.1 सीईजीआईएस एसएसएस योजना ढांचे के वास्तविक कार्यान्वयन में राज्यों को सहायता प्रदान करेगा। यहां मुख्य रूप से दो पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा; क) राज्य कार्यान्वयन समिति (एसआईसी) के साथ मिलकर काम करना और ख) सर्वेक्षण, डेटा संग्रहण और क्षमता निर्माण के लिए कार्यान्वयन टीमों को आधारभूत सहायता प्रदान करना।

2.2. सहायता के लिए चिन्हित राज्य (अधिमानतः) केवल वही राज्य होंगे जहां सीईजीआईएस की सक्रिय भागीदारी है (मौजूदा राज्य भागीदारी - तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक; प्रस्तावित राज्य भागीदारी - छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश)।

2.3. सीईजीआईएस एसएसएस संशोधित परिचालन दिशानिर्देश (2024) के अंतर्गत राज्यों को उन्हीं तीन घटकों के लिए सहायता प्रदान करेगा जैसा कि धारा ए बिंदु 1.2 के अंतर्गत है। राज्यों को दी जाने वाली सहायता का घटक-वार विवरण नीचे दिया गया है।

2.4. घटक 3 के अंतर्गत सहायता की रूपरेखा (ऊपर बिंदु 1.2.1 देखें)

2.4.1. पक्षों द्वारा सहयोगात्मक रूप से चिन्हित तकनीकी अनुशंसाओं को समझने में राज्यों को सहायता प्रदान करना, तथा उन्नत कार्यान्वयन के लक्ष्यों के साथ अनुकूलता सुनिश्चित करना।

2.4.2. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के संवर्द्धन के अनुरूप प्रभावी ढांचे को लागू करने के लिए सहायता प्रदान करना। इसमें हितधारकों की पहचान, विचारार्थ विषय (टीओआर) का मसौदा तैयार करना, बजटीय योजना, व्यय प्रबंधन, तथा पक्षों द्वारा सहमत अन्य प्रासंगिक तत्वों पर ध्यान देना शामिल है।

2.4.3. अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय जैसी नोडल कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए लक्षित, कार्यस्थल पर क्षमता निर्माण पहलों को क्रियान्वित करने के लिए विशेषज्ञ इनपुट का उपयोग करना, जिससे सहभागी राज्यों में तत्परता और क्षमता सुनिश्चित हो सके।

2.5. घटक 4 के अंतर्गत सहायता की रूपरेखा (ऊपर बिंदु 1.2.2 देखें)

2.5.1. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों के आवेदन एवं स्थापना में राज्यों को सहायता प्रदान करना।

2.5.2. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्यों को उचित एवं नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने में सहायता करना।

2.5.3. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के अवलोकन और प्रतिभागियों से फीडबैक एकत्र करके गुणवत्ता जांच के द्वारा प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और गुणवत्ता को समझना।

2.6. घटक 8 के अंतर्गत सहायता की रूपरेखा (ऊपर बिंदु 1.2.3 देखें)

2.6.1. प्रतिदर्श फ्रेम, संकेतक, आकलन पद्धति और पक्षों द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले अन्य प्रासंगिक विवरणों सहित डेटा संग्रह पर केंद्रीय दिशानिर्देशों के उचित उपयोग के बारे में कार्यान्वयन सहायता प्रदान करें।

2.6.2. सीईजीआईएस राज्यों के लिए डेटा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत गुणवत्ता जांच ढांचे को तैयार करने हेतु सिफारिशें प्रदान करेगा।

2.6.3 सीईजीआईएस गुणवत्ता मूल्यांकन ढांचे और एनएमडीएस 2.0 के अनुपालन की रिपोर्टिंग के लिए राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करेगा।

2.6.4 राज्यों के लिए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) हेतु निगरानी ढांचे को मजबूत करने में सीईजीआईएस से सहायता:

• एसडीजी डेटा की उपलब्धता और गुणवत्ता के विषयों की पहचान करने के लिए अंतर विश्लेषण का संचालन करना।

• एसडीजी डेटा की सार्वजनिक पहुंच और उपयोगिता को बढ़ाने के लिए इंटरैक्टिव डैशबोर्ड और डेटा पोर्टल विकसित करना।

3. अन्य सहायता प्रदान करना

i. सीईजीआईएस, स्रोत पर प्रशासनिक डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु संबंधित मंत्रालयों के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने हेतु सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के साथ सहयोग करेगा । सीईजीआईएस 1-2 सीईजीआईएस-केंद्रित राज्यों में इन दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन का प्रदर्शन कर सकता है, जो इसमें रुचि रखते हों, तथा प्रसार के लिए दस्तावेजों से संबंधित जानकारी में उनकी सहायता कर सकता है।

ii. डेटा एनालिटिक्स इकाइयों (डीएयू) का एक व्यापक रोडमैप और रूपरेखा तैयार करना जिसका उपयोग राज्यों द्वारा किया जा सके। सीईजीआईएस 1-2 सीईजीआईएस-केंद्रित राज्यों में रोडमैप के कार्यान्वयन का प्रदर्शन कर सकता है। इन विशेष इकाइयों को विश्वसनीय, उच्च-गुणवत्ता वाले आंकड़ों का सृजन सुनिश्चित करने तथा उन्नत डेटा विश्लेषण और सूचित निर्णय लेने के लिए राज्य की क्षमता को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा।

क. इन राज्यों से प्राप्त क्रॉस-लर्निंग्स को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा, ताकि अन्य राज्य भी सीख सकें।

iii. सीईजीआईएस एसएसएस पहल के कार्यान्वयन के लिए राज्यों में निधियों के कुशल और प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सहायता प्रदान कर सकता है।

iv. सीईजीआईएस, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के परामर्श से प्रमुख मंत्रालयों/विभागों और राज्यों की पहचान करेगा, तथा उनके डेटासेट की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए संस्थागत व्यवस्था का आकलन करेगा, जिसमें सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप दिए गए गुणवत्ता मूल्यांकन ढांचे (एसक्यूएएफ) और एनएमडीएस 2.0 के अनुसार प्रसारित डेटासेट के मेटाडेटा तत्वों का प्रसार शामिल है।

v.भारतीय सांख्यिकी सेवा संवर्ग के अधिकारियों की योग्यता प्रोफाइल का मसौदा तैयार करके एनएसएसटीए के माध्यम से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधिकारियों के लिए योग्यता-आधारित क्षमता निर्माण (सीबीसी) पहल में सहायता करना।

vi. सीबीसी के साथ संरेखण में एनएसएसटीए के माध्यम से भारतीय सांख्यिकी सेवा संवर्ग के लिए परिवीक्षा प्रशिक्षण और मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम को पुनः डिजाइन करने में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सहायता करना।

vii. प्रशिक्षण प्रदान करने के मौजूदा ढांचे को मजबूत करने और सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रणालियों और प्रक्रियाओं को संस्थागत बनाने के साथ एनएसएसटीए की सहायता करना।
viii आपसी हित के अन्य क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है, उन पर भविष्य में काम किया जा सकता है।

ख. सीईजीआईएस की कार्यकलापों और वितरण के संबंध में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की मुख्य भूमिकाएं और उत्तरदायित्व नीचे दी गई हैं

1. उपरोक्त खंड में उल्लिखित सभी डिलिवरेबल्स और कार्यकलापों को तैयार करने के लिए सीईजीआईएस टीम को दिशात्मक मार्गदर्शन प्रदान करें।
2. यदि आवश्यक हो तो सरकारी, गैर-सरकारी और निजी संस्थाओं सहित प्रासंगिक हितधारकों के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाना।
3. पारस्परिक रूप से सहमत परियोजनाओं और पहलों के लिए आवश्यकतानुसार प्रशासनिक और गैर-वर्गीकृत डेटा तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सीईजीआईएस के साथ साझा किए गए डेटा का उपयोग प्रोटोकॉल (नीचे भाग छ में शामिल) द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।
4. जिन विभागों में परियोजनाएं स्थित हैं, उनके संबंधित प्रशासनिक प्रमुखों की अध्यक्षता में समय-समय पर समीक्षा बैठकें आयोजित करना।

ग. परियोजनाएं

दोनों पक्षों ने उपरोक्त उत्तरदायित्वों से संबंधित अनेक परियोजनाओं/क्षेत्रों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर, व्यय की गुणवत्ता, प्रशासन और सेवा वितरण में सुधार पर केंद्रित अतिरिक्त परियोजनाओं को धारा (ड.) के प्रावधानों के अनुसार समय के साथ कार्य के दायरे में जोड़ा जा सकता है।

घ. टीम का गठन

प्रस्तावित टीम के पास एसएसएस योजना के अंतर्गत घटकों की योजना और कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रासंगिक विशेषज्ञता होगी, जैसा कि खंड ए में उल्लिखित है। टीम की संरचना का विवरण नीचे अनुलग्नक 1 में दिया गया है।

कार्यकाल और शर्तें

ङ. कार्यकाल

यह समझौता ज्ञापन 2 जून, 2025 ("प्रभावी तिथि") से प्रभावी माना जाएगा, और प्रभावी तिथि से जून 2027 तक 2 वर्षों की अवधि के लिए वैध रहेगा - जिसके बाद इसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा

सकता है। यह समझौता ज्ञापन सीईजीआईएस द्वारा किए जाने वाले मुख्य क्रियाकलापों और वितरणों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

च. शर्तें

1. इस समझौता ज्ञापन में कोई भी वांछित संशोधन दोनों पक्षों के बीच लिखित रूप में आपसी सहमति से किया जाएगा।

2. कोई भी पक्ष, दूसरे पक्ष की पूर्व स्वीकृति के बिना समझौता ज्ञापन के तहत अपने किसी भी कर्तव्य को किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को नहीं सौंपेगा।

3. **वित्तीय समझौता**

3.क. यह प्रत्येक गतिविधि/सहयोग के लिए एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन होगा (जैसा कि उपर्युक्त भाग क में उल्लिखित है)। किसी भी परिवर्तन के लिए पक्षों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श के आधार पर आपसी सहमति की आवश्यकता होगी।
3.ख. इस समझौता ज्ञापन से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सीईजीआईएस पर किसी भी रूप में कोई कानूनी या वित्तीय दायित्व उत्पन्न नहीं होगा।
4. सीईजीआईएस यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा विदेशी अंशदान की प्राप्ति या उपयोग के मामले में, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 (समय-समय पर संशोधित) और उसके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन सीईजीआईएस द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

गोपनीयता, स्वामित्व, प्रकाशन और ब्रांडिंग

छ. गोपनीयता, स्वामित्व, प्रकाशन और ब्रांडिंग

1. इस समझौता ज्ञापन में निर्धारित सभी कार्यकलाप और वितरण, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के परामर्श से तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मार्गदर्शन में पूरे किए जाएंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की विषय-वस्तु पर अंतिम स्वीकृति होगी, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आउटपुट के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

2. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संबंधित सभी डेटा, सूचना और सामग्री का स्वामित्व सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और संबंधित सरकारी विभागों के पास है। एक साझेदार के रूप में सीईजीआईएस की भूमिका एक सहायक के रूप में होगी।

3. कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष की लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना कोई भी डेटा/सूचना, लोगो या सामग्री साझा नहीं करेगा।

4. गोपनीय सूचना का अर्थ डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 से लिया जा सकता है, जिसे सांख्यिकी संग्रह अधिनियम, 2008 के साथ पढ़ा जा सकता है।
5. दोनों पक्षों को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और डेटा संरक्षण के लिए अन्य प्रासंगिक विनियमों का अनुपालन करना होगा। गोपनीय डेटा को केवल भारत में स्थित सर्वरों पर ही संग्रहीत किया जाना चाहिए, जैसा कि मॉस्पी द्वारा अनुमोदित किया गया है।

6. गोपनीय सूचना के अनधिकृत प्रकटीकरण के परिणामस्वरूप दंड लगाया जाएगा, जिसमें इस समझौता ज्ञापन की समाप्ति और वित्तीय क्षति शामिल है, परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

7. इस समझौता ज्ञापन से उत्पन्न हस्तक्षेपों और पहलों, जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी, से मामला-दर-मामला आधार पर निपटा जाएगा। जीएफआर के प्रावधानों का अनुपालन तथा अन्य लागू नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

8. इस समझौता ज्ञापन को भारत सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की संप्रभु गारंटी नहीं माना जाएगा।

8.क. यह समझौता ज्ञापन सीईजीआईएस को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से कार्यकलाप चलाने का अधिकार नहीं देता है। राज्यों में सीईजीआईएस द्वारा की जाने वाली कोई भी कार्यकलाप संबंधित राज्यों के साथ सीईजीआईएस के समझौता ज्ञापन/समझौते के अनुसार होंगी।

9. साझेदारी की अवधि के दौरान सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और सीईजीआईएस द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए समाधानों का उपयोग सीईजीआईएस द्वारा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को पूर्व सूचना और उचित स्वीकृति देकर सीईजीआईएस के अन्य सरकारी कार्यों में चल रहे कार्यों को बढ़ाने या दोहराने के लिए किया जा सकता है।

सीईजीआईएस, मॉस्पी द्वारा साझा किए गए डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। साझा किए गए डेटा का उपयोग भारत की नीतियों, दिशानिर्देशों और कानूनों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करेगा, जो समय-समय पर लागू या संशोधित किए जाते हैं, जिसमें डीपीडीपी अधिनियम या अन्य प्रासंगिक विनियमों में भविष्य में किए जाने वाले संशोधन भी शामिल हैं । डेटा का प्रसंस्करण/उपयोग केवल सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए या इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत परिकल्पित कार्यकलाप के लिए किया जाएगा।

व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण की प्रकृति, दायरे और उद्देश्य, ऐसे प्रसंस्करण से जुड़े जोखिम और ऐसे प्रसंस्करण से होने वाले नुकसान की संभावना और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, सीईजीआईएस उचित सुरक्षा उपायों को लागू करेगा, जिसमें शामिल हैं—

(क) डी-आईडेंटिफिकेशन और एन्क्रिप्शन जैसी विधियों का उपयोग;

(ख) व्यक्तिगत डेटा की प्रमाणिकता की रक्षा के लिए आवश्यक कदम; और

(ग) व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग, अनधिकृत पहुंच, संशोधन, प्रकटीकरण या विनाश को रोकने के लिए आवश्यक कदम।

दोनों पक्षों का यह इरादा है कि डेटा, डेटा को बेहतर बनाने या प्राप्त करने के लिए उपकरण, अनुसंधान उत्पाद और इस समझौता ज्ञापन के संबंध में सीधे सीईजीआईएस द्वारा प्रदान की गई किसी भी फंडिंग से उत्पन्न होने वाले विकास सहित ज्ञान और सूचना भारत सरकार और उसके लोगों के लाभ के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को उपलब्ध और सुलभ कराई जाएगी। दोनों पक्षों को उम्मीद है कि इस समझौता ज्ञापन में निर्धारित उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सीईजीआईएस द्वारा किया जाने वाला कोई भी अनुदान समझौता, वैश्विक पहुंच के सिद्धांतों को शामिल करेगा। "वैश्विक पहुंच" के लिए आवश्यक है कि परियोजना कार्यकलाप के संबंध में प्राप्त ज्ञान और सूचना का शीघ्र और व्यापक रूप से प्रसार किया जाएगा; तथा इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न उत्पाद, सेवाएं, प्रक्रियाएं, प्रौद्योगिकियां, सामग्री, सॉफ्टवेयर, डेटा या अन्य नवाचार विकासशील देशों में सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों को किफायती मूल्य पर उपलब्ध और सुलभ कराए

जाएंगे।डेटा/उत्पाद/सेवाओं/नवाचार/प्रौद्योगिकियों/सॉफ्टवेयरों तक किसी भी प्रकार की पहुंच पक्षों के पूर्व लिखित आपसी समझौते के माध्यम से तथा भारत की नीतियों, दिशानिर्देशों और कानूनों के अनुसार की जाएगी।

10. मॉस्पी नाम और ब्रांडिंग का उपयोग

ब्रांडिंग और सार्वजनिक संचार के लिए अनुमोदन

सीईजीआईएस को किसी भी प्रचार, विपणन या बाह्य संचार प्रयोजनों के लिए अपने नाम, लोगो या एसोसिएशन का उपयोग करने से पहले मॉस्पी से पूर्व लिखित अनुमोदन लेना होगा।

11. आउटपुट का स्वामित्व

बौद्धिक संपदा अधिकार

1. इस समझौता ज्ञापन के तहत विकसित सभी आउटपुट, रिपोर्ट, सॉफ्टवेयर, उपकरण, कार्यप्रणाली और डिलिवरेबल्स मॉस्पी की एकमात्र संपत्ति बने रहेंगे।
2. यदि साझा उपयोग के लिए आपसी सहमति बन जाती है, तो शर्तों और सीमाओं को रेखांकित करते हुए एक अलग लिखित समझौता तैयार किया जाएगा।

12. क्षतिपूर्ति खंड

1. सीईजीआईएस, मॉस्पी के डेटा, नाम या एसोसिएशन के उपयोग से उत्पन्न होने वाली किसी भी देनदारी, दावे या हानि के लिए मॉस्पी को क्षतिपूर्ति करने और हानिरहित रखने के लिए सहमत है।

हितों का टकराव

ज. हितों का टकराव

सभी वाणिज्यिक अवसरों को इस सहकार्यता से अलग एवं विशिष्ट माना जाता है। दोनों पक्ष यह स्वीकार करते हैं कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा इन सेवाओं का उपयोग भविष्य में किसी संविदा पुरस्कार के लिए प्राथमिकता नहीं होगी, तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा इन सेवाओं के बदले में भविष्य में कोई संविदा देने के लिए कोई वादा या प्रतिबद्धता नहीं की गई है।

हितों का प्रकटीकरण

दोनों पक्षों को तीसरे पक्ष के साथ किसी भी मौजूदा या संभावित संबंध का प्रकटीकरण करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप हितों का टकराव हो सकता है।

गैर-बाध्यकारी प्रकृति:

उपरोक्त कथनों के बावजूद, दोनों पक्ष सहमत हैं और समझते हैं कि यह समझौता ज्ञापन गैर-बाध्यकारी है तथा इससे किसी भी पक्ष पर कोई भी कार्यकलाप करने या कोई वित्तपोषण प्रदान करने के लिए कोई कानूनी रूप से बाध्यकारी दायित्व सृजित नहीं किया जाएगा और न ही उसे बढ़ावा दिया जाएगा । वित्तपोषण या अन्य वितरण का कोई भी दायित्व या प्रतिबद्धता उपयुक्त पक्षों के बीच एक अलग लिखित समझौते के माध्यम से प्रभावित होगी।

प्रत्येक पक्ष अपने संबंधित विनियामक और कानूनी अनुपालन के लिए जिम्मेदार है तथा वे अपनी संबंधित कार्यकलापों को अत्यंत सद्भावना के साथ करेंगे।

इस समझौता ज्ञापन में किसी भी बात को साझेदारी, एजेंसी, ट्रस्ट, संयुक्त उद्यम या अन्य किसी चीज के सृजन के रूप में नहीं माना जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन में ऐसी कोई भी बात निहित नहीं है जिसे अन्य पक्ष या उसके सहयोगी सेवाओं को निर्धारित करने, आपूर्ति करने या अनुशंसा करने के लिए भारत सरकार सहित किसी भी पक्ष और/या उसके कर्मचारियों, सलाहकारों तथा प्रतिनिधियों हेतु दायित्व या प्रलोभन के रूप में किसी भी तरीके से व्याख्यायित नहीं किया जाएगा।

विवाद निपटान

झ. विवाद निपटान

1. यह समझौता ज्ञापन भारत के कानूनों के अनुसार शासित और व्याख्यायित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन से उत्पन्न या संबंधित सभी विवाद, जिसमें बिना किसी सीमा के इसके निष्पादन से जुड़े सभी मामले शामिल हैं, कानून के सिद्धांत के टकराव के संदर्भ के बिना, भारत के कानूनों के तहत शासित, तथा व्याख्यायित और भाषांतरित किए जाएंगे।
2. इस समझौता ज्ञापन की अस्तित्व, वैधता या समाप्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न सहित उससे उत्पन्न या संबंधित सभी विवाद और मतभेद एक सौहार्दपूर्ण समाधान के माध्यम से शुरुआत में ही निपटाया जाएगा। ऐसे प्रस्ताव के विफल होने पर, इस मामले का अंतिम रूप से समाधान करने हेतु उस समय के लिए भारत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (मध्यस्थता का संचालन) ("आईआईएसी विनियम") जिसके नियम संदर्भ द्वारा इस खण्ड में निहित माने जाते हैं, के अनुसार भारत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (आईआईएसी) [प्लॉट सं. 6, बसंत कुंज इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली, दिल्ली 110070] द्वारा प्रशासित मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा । मध्यस्थता कार्यवाही अंग्रेजी में संचालित की जाएगी।

समापन

ञ. समापन

1. कोई भी पक्ष बिना कोई कारण बताए दूसरे पक्षों को दो महीने का नोटिस देकर इस समझौता ज्ञापन को समाप्त कर सकता है।
2. किसी भी पक्ष द्वारा भौतिक उल्लंघन की स्थिति में, किसी भी समय समझौता ज्ञापन को पूर्णतः या आंशिक रूप से समाप्त किया जा सकता है; बशर्ते, तथापि, उल्लंघन करने वाले पक्ष को उल्लंघन को ठीक करने के लिए तीस (30) दिन का समय दिया जाएगा, उसके बाद ही उल्लंघन न करने वाला पक्ष अपने समाप्ति अधिकार का प्रयोग कर सकेगा। प्रत्येक मामले में, समाप्ति की प्रभावी तिथि बताते हुए लिखित नोटिस जारी किया जाएगा।

3. उन्नत उल्लंघन प्रबंधन

1. भौतिक उल्लंघनों के लिए सुधार अवधि को 30 दिनों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे समाधान के लिए पर्याप्त समय मिल सके।
2. यदि इस अवधि के भीतर उल्लंघन का समाधान नहीं किया जाता है, तो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय समझौता ज्ञापन को समाप्त कर सकता है, और सीईजीआईएस को समाप्ति

के 30 दिनों के भीतर मॉस्पी द्वारा प्रदान किए गए सभी डेटा, बौद्धिक संपदा और सामग्री वापस करनी होगी।

4. डेटा और सामग्री वापसी

1. समाप्ति पर, सीईजीआईएस सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए डेटा और सामग्रियों की सभी प्रतियों को नष्ट करना प्रमाणित करेगा, जब तक कि लिखित रूप में अन्यथा सहमति न हो।

5. एमओयू के बाद प्रतिबंध

इस समझौता ज्ञापन के समाप्त होने पर, सीईजीआईएस को स्पष्ट पूर्व लिखित सहमति के बिना सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का नाम, लोगो या सहयोग का उपयोग नहीं करना चाहिए।

अप्रत्याशित घटना

ट. अप्रत्याशित घटना

1. यदि और उस सीमा तक ऐसी चूक या देरी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी "अप्रत्याशित घटना" के कारण होती है, जिसे आग, बाढ़, भूकंप, प्राकृतिक आपदा या दैवीय कृत्य, दंगे, महामारी, आतंकवाद, नागरिक अशांति या ऐसे पक्ष के उचित नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण के रूप में परिभाषित किया जाता है तो कोई भी पक्ष इस समझौता ज्ञापन के तहत अपने दायित्वों के निष्पादन में किसी भी चूक या देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा (इसके तहत देय राशि का भुगतान करने के दायित्व के अलावा) ।

2. किसी अप्रत्याशित घटना की मौजूदगी, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा किसी भी समाप्ति या अन्य प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से सीईजीआईएस के लिए सुरक्षित बंदरगाह के रूप में कार्य करेगा और विलंब पर परिणामस्वरूप किसी भी प्रकार का दंड, आर्थिक या अन्य नहीं लगाया जाएगा।

3. कार्य निष्पादन में किसी भी देरी के बाद, एकपक्ष अगले उचित कदमों पर परामर्श करेंगे और किसी भी सेवा और/या डिलिवरेबल समय-सीमा में संशोधन पर पक्षों द्वारा पारस्परिक रूप से सहमति बनाई जाएगी और उसे अनुचित रूप से रोका नहीं जाएगा।

विविध

ठ. दायित्व की सीमा

कोई भी पक्ष दूसरे के प्रति किसी भी अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामी, अनुकरणीय, दंडात्मक या विशेष क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, चाहे कार्रवाई का स्वरूप या पुनर्प्राप्ति का सिद्धांत कुछ भी हो, भले ही ऐसे पक्ष को ऐसी क्षति की संभावना के बारे में सूचित कर दिया गया हो।

ड. तृतीय पक्ष लाभार्थी

यह समझौता ज्ञापन केवल सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा सीईजीआईएस के बीच पूरी तरह से दर्ज किया गया है, एवं इसे केवल उनके द्वारा लागू किया जा सकता है, तथा इस समझौता ज्ञापन को तीसरे पक्ष में कोई अधिकार बनाने, या ऐसे किसी तीसरे पक्ष के लिए किसी पार्टी के किसी भी दायित्व को बनाने के लिए नहीं माना जाएगा।

ढ. गैर-विशिष्टता

यह समझौता ज्ञापन पक्षों के बीच कोई विशेष संबंध नहीं बनाता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय समान या संबंधित उद्देश्यों के लिए अन्य संगठनों के साथ सहयोग करने का अधिकार सरंक्षित करता है।

इस समझौता ज्ञापन में निहित कोई भी बात किसी भी पक्ष को समान विषय-वस्तु पर अन्य पक्षों के साथ अलग-अलग समझौता ज्ञापन/व्यवस्था/करार करने से नहीं रोकेगी।

इस समझौता ज्ञापन में ऐसा कुछ भी नहीं है जो पक्षों के बीच एक प्रिंसिपल-एजेंट संबंध, कर्मचारी-नियोक्ता संबंध, प्रतिनिधि या संयुक्त साझेदारी स्थापित करता हो या ऐसा माना जाना चाहिए, कोई भी पक्ष इस समझौता ज्ञापन के आधार पर दूसरे पक्ष की तरफ से कोई संविदा या समझौता करेगा।
प्रत्येक पक्ष सभी उपयुक्त कानून, नियमों और अन्य कानूनी मानकों के अनुसार इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत अपने कार्यकलापों का संचालन करेगा।

ण. सूचना

1. इस समझौता ज्ञापन के तहत स्पष्ट रूप से आवश्यक कोई भी नोटिस धारा शून्य (2) के अनुसार बनाया जाएगा। कोई भी अन्य सूचना या संचार लिखित रूप में होगा और ईमेल द्वारा दूसरे पक्ष को भेजा जाएगा।

2. धारा ण (1) के अनुसार भेजी गयी सूचना (i) यदि व्यक्तिगत रुप से भेजी गयी है, तो संबंधित पक्ष के पते पर डिलीवरी के बाद; (ii) यदि कूरियर द्वारा भेजा गया है, तो प्रेषण की तिथि के तीन (3) व्यावसायिक दिनों के बाद, बशर्ते कि सबूत दिया जाए कि नोटिस ठीक से संबोधित किया गया और विधिवत भेजा गया ; और (iii) यदि ईमेल द्वारा भेजा गया है, तो प्रेषण के एक (1) व्यावसायिक दिन बाद।

3. समझौता ज्ञापन के प्रयोजनों के लिए प्रत्येक पक्ष का प्रासंगिक पता हैं:

सीईजीआईएस फाउंडेशन
20, ओखला औद्योगिक एस्टेट फेज 3 रोड

ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट
दिल्ली 110020
ईमेल: parul@cegis.org; vijay@cegis.org

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
खुर्शीद लाल भवन, जनपथ
नई दिल्ली -110001

त. विच्छेदनीयता

यदि समझौता ज्ञापन का कोई प्रावधान किसी भी कारण से सक्षम न्यायालय द्वारा शून्य, शून्यकरणीय, अमान्य या अप्रवर्तनीय माना जाता है, तो शेष प्रावधान प्रभावित नहीं होंगे और वैध और प्रवर्तनीय बने रहेंगे।

थ. प्रतिपक्ष /काउंटरपार्ट्स

इस समझौता ज्ञापन पर दो प्रतियों में हस्ताक्षर किए जा सकते हैं, जिनमें से प्रत्येक को मूल माना जाएगा और सभी को एक साथ मिलाकर यह समझौता ज्ञापन माना जाएगा।

इसके साक्ष्य के रूप में, पक्षों के विधिवत अधिकृत प्रतिनिधियों ने अपने हस्ताक्षर और मुहर लगाई और ऊपर लिखी गई पहली तारीख को इस आशय के कथन (एमओयू) को निष्पादित किया। पक्षों ने इस समझौता ज्ञापन पर अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में दो प्रतियों में हस्ताक्षर किए हैं और प्रत्येक समान रूप से प्रामाणिक है। व्याख्या में किसी भी तरह के मतभेद की स्थिति में, अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय , हस्ताक्षरित और वितरित		भारतीय राज्यों के प्रभावी शासन के लिए केंद्र द्वारा हस्ताक्षरित और वितरित	
हस्ताक्षर		हस्ताक्षर	
हस्ताक्षरकर्ता के नाम	डॉ. चेतना शुक्ला	हस्ताक्षरकर्ता के नाम	डॉ. विजय पिंगले
पदनाम	उप महानिदेशक (राज्य इकाई), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	पदनाम	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीईजीआईएस
दिनांक	02/06/2025	दिनांक	2/6/2025
गवाह-1		गवाह-1	
हस्ताक्षर		हस्ताक्षर	
गवाह का नाम		गवाह का नाम	पारुल अग्रवाल
पदनाम		पदनाम	सहायक उपाध्यक्ष, सीईजीआईएस
गवाह-2		गवाह-1	
हस्ताक्षर		हस्ताक्षर	
गवाह का नाम		गवाह का नाम	
पदनाम		पदनाम	
दिनांक		दिनांक	

डॉ. चेतना शुक्ला/DR. CHETNA SHUKLA
उप महानिदेशक/Deputy Director General
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
Ministry of Statistics and P. I.
भारत सरकार/Government of India
नई दिल्ली/New Delhi

CEGIS FOUNDATION

अनुलग्नक 1: सीईजीआईएस स्टाफिंग[1]

पद	कार्मिकों की सं.	अनुभव - वर्ष	विशेषज्ञता	कार्य स्थान
परियोजना प्रमुख	1	8-10 वर्ष	टीम मापन तकनीक, प्रतिदर्शकरण तकनीक, मात्रात्मक पद्धतियों के साथ-साथ योग्यता-आधारित कार्मिक प्रशिक्षण में सक्षम होगी।	हाइब्रिड - दूरस्थ कार्य के साथ आवश्यकता होने पर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में उपलब्धता।
वरिष्ठ कार्यक्रम सहयोगी	3	3 - 4 वर्ष		

1. यह तालिका अनुभाग क के तहत इंगित परियोजनाओं की सूची का समर्थन के लिए 4 (चार) सदस्यों वाली एक प्रारंभिक टीम प्रस्तुत करती है। परियोजना आवश्यकताओं और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के साथ परामर्श के आधार पर अतिरिक्त टीम के सदस्यों को तैनात किया जाए।

Memorandum of Understanding Between

Ministry of Statistics and Programme Implementation,
Government of India and

CEGIS Foundation

Memorandum of Understanding
Between Ministry of Statistics and Programme Implementation and Centre for Effective Governance of Indian States

This Memorandum of Understanding (hereinafter referred to as "MOU") is entered into and effective as of 2 June, 2025 at MoSPI, KL Bhawan, Janpath Road, New Delhi-110001.

BY AND BETWEEN

Ministry of Statistics and Programme Implementation through its representative/authorized signatory, Deputy Director General, State Unit, having its office located at K. L. Bhawan, Janpath Road, New Delhi-110001 (hereinafter referred to as "Ministry of Statistics and Programme Implementation or "**MoSPI**" which terms or expression shall, unless excluded by or repugnant to the subject or context, mean and include its successor-in-office, administrators or permitted assignees) of the First Part;

AND

CEGIS Foundation through its representative/ authorized signatory, **Mr. Vijay Maruti Pingale, Chief Executive Officer**, CEGIS Foundation, located at 20, Okhla Industrial Estate Phase 3 Rd Okhla Phase III, Okhla Industrial Estate Delhi 110020, India (hereinafter referred to as **"CEGIS"**) which expression, unless repugnant to the context, shall include the successors, administrators and permitted assigns of the SECOND PART.

